पाठ 16. आओ वृक्ष लगाएँ

पेड़ लगाने से क्या लाभ होते हैं, यह इस कविता में बताया गया है। कविता को याद करके कक्षा में सुनाने से बच्चों की स्मरणशक्ति का विकास होगा तथा वे शब्दों का शुद्ध उच्चारण करना सीखेंगे। इससे बच्चों की संगीत एवं लय संबंधी तथा शारीरिक क्रिया संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।

पाठ की भूमिका

कक्षा में वृक्षों के महत्व पर चर्चा करें। वृक्ष हमारा जीवन हैं। वृक्ष परोपकार की भावना कैसे फैलाते हैं – दूसरों के लिए जीते हैं। अपना फल खुद नहीं खाते। दूसरों को छाँव देते हैं। वृक्ष हमारे पर्यावरण को कैसे शुद्ध करते हैं–कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं। ऑक्सीजन हमारी प्राणवायु है। यदि वृक्ष नहीं होंगे तो धरती का क्या होगा? इस विषय पर बच्चों से चर्चा करें।

पाठ का परिचय

इस कविता में बच्चे आपस में मिलकर वृक्ष लगाने की बात कर रहे हैं। वृक्षों के बड़े होने पर धरती हरी-भरी हो जाएगी अर्थात चारों ओर हरियाली छा जाएगी। वृक्षों से मानव को अनेक सुविधाएँ प्राप्त होंगी। जैसे- फल, सब्ज़ियाँ, लकड़ी, दैनिक जीवन में काम आने वाली अन्य वस्तुएँ, जैसे–गोंद, कपास आदि। वर्षा लाने में यही वृक्ष मददगार होते हैं। अच्छी वर्षा सभी को जीवनदान देगी। सुखमय जीवन सभी को खुशियों की सौगात देगा। वृक्षों के बढ़ने पर धरती का सारा प्रदूषण समाप्त हो जाएगा। धरती की अशुद्ध हवा को यही वृक्ष शुद्ध कर देंगे। आज की सबसे बड़ी और भयंकर समस्या है, बढ़ता हुआ प्रदूषण।

पाठ में निहित जीवन-मूल्य

यह धरती जिस पर हम साँस ले रहे हैं, जिसका अन्न-जल पाकर हम बड़े हो रहे हैं, उसकी सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। धरती पर बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए वृक्ष उगाना आवश्यक है। बढ़ती आवश्यकताओं के कारण हमने वृक्षों को अंधाधुंध काटा है। हमें इसे रोकना है और नए वृक्ष लगाकर धरती के कर्ज़ को चुकाना है।

पाठ का वाचन

लय के साथ कविता की एक-एक पंक्ति बच्चों को सुनाएँ। (कविता को प्रभावशाली बनाने के लिए अध्यापक/अध्यापिका इसका शुद्ध उच्चारणसहित वाचन पहले ही कम-से-कम दो-तीन बार कर लें। बच्चे अध्यापक/अध्यापिका का अनुकरण करेंगे। बच्चे पुस्तकें खोलकर कविता का अनुकरण करेंगे।

कविता में आए नए शब्दों या जिन शब्दों को आप उच्चारण या अर्थ की दृष्टि से कठिन समझें–श्यामपट्ट पर लिखें–उन शब्दों का शुद्ध उच्चारण करवाएँ। जैसे–पनपाएँ, हरियाली, सज-सँवर, गूँजेंगे आदि।

महत्वपूर्ण चर्चा

बच्चों से वृक्षों के जीवन को लेकर चर्चा करें।

- वृक्ष परोपकारी कैसे होते हैं?
- वृक्ष सभी को अच्छे कैसे लगते हैं?
- वृक्ष हमें क्या-क्या सुविधाएँ प्रदान करते हैं?
- वृक्षों को प्रकृति की अमूल्य धरोहर क्यों कहा जाता है?
- आज वृक्ष लगाना क्यों महत्वपूर्ण हो गया है?
- कौन-कौन अपने घर के आसपास लगे वृक्षों की देखभाल करता है? और कैसे?